# जापान से सेमीकंडक्टर, फार्मा पर चर्चा

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश और नवाचार को आकर्षित करने के उद्देश्य से यूपी का एक प्रतिनिधिमंडल जापान दौरे पर है। इसने बुधवार को जापान में स्वच्छ ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर और नवाचार में सहयोग को मजबूत करने के लिए रणनीतिक बैठकें कीं।



यूपी के प्रतिनिधि मंडल ने जापान के उद्योगपतियों से निवेश पर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने कंसाई फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के निदेशक डा. हयाशी योशिकाजु सहित वरिष्ठ प्रतिनिधियों से नई दवाओं के विकास, मेडिकल डिवाइसेज में सहयोग पर चर्चा हुई। यूपी के फार्मा और मेडिकल पार्क, सेमीकंडक्टर नीति, और एफडीआई एवं एफसीआई नीति-2023 के बारे में भी प्रस्तुति दी गई। ओसाका स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इवैल्युएशन और एनएलएबी वार्ता में जापान में भारत के महावाणिज्य दूत चंद्रु अपार के साथ इंवेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद ने उत्तर वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति का प्रस्तुतीकरण किया। इसमें राज्य में मिलने वाले प्रोत्साहनों को बताया गया। दल में सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी, इंवेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद और यूपीनेडा के निदेशक इंदरजीत सिंह शामिल हैं।